जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

सेवा में,

मा0 सम्पादक,
दैनिक जागरण/हिन्दुस्तान/अमर ऊजाला/राष्ट्रीय सहारा/स्वतंत्र चेतना/स्वतंत्र भारत/राष्ट्रीय स्वरूप/वाईस आफ लखनऊ/आज/डेली न्यूज/टाइम्स ऑफ इण्डिया/हिन्दुस्तान टाइम्स।

दिनांक :

प0सं0:–

विषय–प्रेस विज्ञप्ति प्रकाशन के संबंध में

महोदय,

कृपया निम्नांकित प्रेस विज्ञप्ति को अपने सम्मानित समाचार पत्रों में जनहित मे निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

प्रेस विज्ञप्ति

लखनऊ महानगर मे सीवर सम्बन्धित विभिन्न शिकायतो (क्षतिग्रस्त मेनहोल, खुला मेनहोल आदि) के त्वरित निस्तारण हेतु जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ द्वारा वेब ऐप तैयार किया गया है, इस ऐप को आम जन मानस के प्रयोग को ध्यान मे रखते हुए बनाया गया है, जिस पर सीवर सम्बन्धी शिकायत को अपलोड करने हेतु संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है:–

- कम्प्यूटर/मोबाईल/टैबलेट इत्यादि के ब्राउजर मे जाकर www.jklmc.in को open करें।
- उक्त पेज पर शिकायत अपलोड करने हेतु सर्वप्रथम क्षतिग्रस्त मेनहोल/सीवर का फोटो अपलोड करें।
- समस्या का चयन करें। वर्तमान मे तीन मुख्य समस्याओ का विकल्प दिया गया है।
    1. मेनहोल का ढक्कन अनुपस्थित
    2. सीवर ओवरफ्लो
    3. क्षतिग्रस्त सीवर
- शिकायतकर्ता अपना मोबाईल नम्बर दर्ज करेगा, जिस पर उसे एक पासवर्ड प्राप्त होगा।
- यदि शिकायत सम्बन्धित कोई सन्देश है तो दर्ज करें।
- शिकायत स्थल को अंकित करें, जिससे शिकायत सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता/अवर अभियन्ता को अग्रसारित हो जायेगी।
- मोबाईल पर प्राप्त ओ0टी0पी0 दर्ज करें।
- आपको शिकायत संख्या टिकट संख्या के रूप मे प्राप्त हो जायेगी।

उक्त वेब ऐप को दिनांक 14–06–2017 को प्रायोगिक तथा परीक्षण के उद्देश्य से चालू किया जा रहा है।

सभी सम्मानित नगरवासियो से अनुरोध है कि इस सीवर मेनहोल सम्बन्धित शिकायतो के त्वरित निस्तारण हेतु इस ऐप का प्रयोग करें।

उक्त ऐप मे सुधार एवं और प्रभावी बनाने हेतु सम्मानित नागरिको के सुझाव jalkalko@gmail.com पर आमन्त्रित है, जिससे हमे और बेहतर सुविधा प्रदान करने मे मदद मिलेगी।

13/6/17

सचिव
जलकल विभाग, लखनऊ

प0सं0–   दि0–

प्रतिलिपि :–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. आयुक्त, लखनऊ मण्डल, लखनऊ
2. जिलाधिकारी महोदय, लखनऊ।
3. नगर आयुक्त महोदय, नगर निगम, लखनऊ।
4. अधिशासी अभियन्ता जोन–3 को इस निर्देश के साथ कि उक्त सूचना को जलकल विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करा दें।

सचिव
जलकल विभाग, लखनऊ